प्रेषक,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
कानपुर नगर।

सेवा में,

**जिला सूचना विज्ञान अधिकारी,**
कानपुर नगर।

पत्रांकः— मु0चि0अ0 / सूचना / 2026—27 / 1002 दिनांकः— 28.04.2026

**विषयः— 15वें वित्त आयोग / पी0एम0अभीम के अन्तर्गत जनपद कानपुर नगर में कुल 16 पॉलीक्लीनिक के संचालन हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों के वॉक—इन—इन्टरव्यू आयोजित करने हेतु सूचना एन0आई0सी0 वेबसाईट पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक, अवगत कराना है कि 15वें वित्त एवं पी0एम0अभीम कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद कानपुर नगर में कुल 16 पॉलीक्लीनिक के संचालन हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों के वॉक—इन—इन्टरव्यू आयोजित करने हेतु सूचना पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि पत्र के साथ संलग्नक सूचना एन0आई0सी0 की साईट kanpurnagar.nic.in पर अपलोड (प्रदर्शित) कराने का कष्ट करें।

संलग्नक — उपरोक्तानुसार।

30/04/26

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
कानपुर नगर

पत्रांकः— मु0चि0अ0 / सूचना / 2026—27 / तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. **मिशन निदेशक,** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. **अपर निदेशक** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मण्डल, कानपुर।
3. **जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति,** कानपुर नगर।
4. **अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,** आर0सी0एच0 / एन0यू0एच0एम0, कानपुर नगर।
5. **जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई,** एन0एच0एम0 / एन0यू0एच0एम0, कानपुर नगर।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
कानपुर नगर

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कानपुर नगर

पत्रांकः– मु0चि0अ0 / पॉलीक्लीनिक / 2026–27 / 997 दिनांकः– 28.04.2026 30

## –::आदेश::–

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या 86/NHM/NUHM/15th FC/Polyclinic/2025-26/4128 दिनांक 15.10.2025 के द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत जनपद कानपुर नगर में 07 पॉलीक्लीनिक एवं पत्र संख्या 91/NHM/NUHM/PM-ABHIM/Polyclinic/2025-26/3010-2 दिनांक 08.09.2025 के द्वारा पी0एम0–अ0भी0म0 के अन्तर्गत जनपद कानपुर नगर में 09 पॉलीक्लीनिक संचालित किये जाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश निर्गत किये गये है, जिनमें शहरी क्षेत्रों में पूर्व से संचालित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को पॉलीक्लीनिक के रूप में उच्चीकृत करते हुए इन पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय ओ0पी0डी0 सेवायें प्रदान की जायेंगी। जनपद कानपुर नगर में चिन्हित कुल 16 पॉलीक्लीनिकों पर प्रतिदिन दो विशेषज्ञों द्वारा ओ0पी0डी0 एवं सन्दर्भन सेवायें प्रदान किया जाना है, पॉलीक्लीनिक केन्द्रो का विवरण निम्नवत है–

| 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत पॉलीक्लीनिक | | पी0एम0–अ0भी0म0 के अन्तर्गत स्वीकृत पॉलीक्लीनिक | |
|---|---|---|---|
| क्र०सं० | न0प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र का नाम | क्र०सं० | न0प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र का नाम |
| 1 | कल्याणपुर | 1 | ज्योरा |
| 2 | ग्वालटोली–1 | 2 | लालपुर |
| 3 | कैण्ट | 3 | सीसामऊ |
| 4 | कृष्णा नगर | 4 | बिरहाना रोड |
| 5 | हरजिन्दर नगर | 5 | नौबस्ता |
| 6 | किदवई नगर | 6 | रायपुरवा |
| 7 | गुजैनी | 7 | अनवरगंज |
| | | 8 | धरीपुरवा |
| | | 9 | सजारी |

दिनांक 24.02.2026 को आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक में प्राप्त अनुमोदन के क्रम में पॉलीक्लीनिक पर कार्य करने हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों (Obstetrician & Gynaecologist, Pediatrician, Genral Physician, Opthalomologist, Dermatologist, ENT Surgeon, Psychiatrist, Orthopaedic Surgeon) की आवश्यकता है। एतत्द्वारा उपरोक्त विशेषज्ञता के इच्छुक चिकित्सकों का वॉक–इन–इण्टरव्यू दिनांक 07/05/2026 को प्रातः 10:30 बजे से एन0यू0एच0एम0 हॉल, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, 100 गांधी ग्राम, रामादेवी, कानपुर नगर में आयोजित किया जा रहा है। अतः उक्त वॉक–इन–इण्टरव्यू में इच्छुक अभ्यर्थी समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**इस सम्बन्ध में अन्य आवश्यक शर्तें एवं प्रतिबन्ध निम्नवत हैः–**

1. पॉलीक्लीनिक में प्रत्येक कार्य दिवस पर रोस्टर के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा सेवायें उपलब्ध करायी जायेगी।
2. पॉलीक्लीनिक के कार्य अवधि का समय नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समान होगा।
3. विशेषज्ञों द्वारा किये गये ओ0पी0डी0 हेतु रू0 5000/– प्रति विशेषज्ञ प्रति दिवस अधिकतम 25 कार्य दिवसों हेतु देय होगा।
4. कार्य (Job & Responsibilities Of HR Under Polyclinic) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जनपद कानपुर नगर की वेब साईट www.kanpurnagar.nic से ली जा सकती है।
5. इच्छुक विशेषज्ञ चिकित्सक अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी मूल प्रतियां एवं स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, 100 गांधी ग्राम, रामादेवी, कानपुर नगर में उपस्थित होंगे।

6. आवेदन पत्र पूर्ण रूप से उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त ही जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा इम्पैनलमेंट हेतु कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
कानपुर नगर

पत्रांकः— मु0चि0अ0 / पॉलीक्लीनिक / 2026—27 / 997-13 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, कानपुर नगर।
4. महाप्रबन्धक, एन0यू0एच0एम0, उ0प्र0, लखनऊ।
5. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मण्डल, कानपुर।
6. समस्त अपर / उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी, कानपुर नगर।
7. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, कानपुर नगर को इस अनुरोध के साथ कि जनपद कानपुर नगर की वेबसाईट पर विज्ञप्ति अपलोड करने का कष्ट करें।
8. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर नगर को इस अनुरोध के साथ कि दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकशन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
9. सम्मानित अध्यक्ष / प्रतिनिधि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर नगर को इस अनुरोध के साथ कि कृपया एसोशिएसन के माध्यम से प्रचार—प्रसार कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।
10. प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सम्बन्धित डी0टी0सी0 एवं यू0पी0एच0सी0।
11. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई एन0एच0एम0 / एन0यू0एच0एम0, कानपुर नगर।
12. कार्यालय नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
13. गार्ड फाईल।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
कानपुर नगर